POLICE COMMISSIONERATE

GAUTAM BUDH NAGAR

सराहनीय कार्य /प्रेस विज्ञप्ति - दिनांक 12.12.2024

थाना सूरजपुर पुलिस और गैंगस्टर एक्ट में वांछित 25,000 रूपये के इनामी बदमाश के बीच मुठभेड़ के सम्बन्ध में-

घटना एवं कार्यवाही का विवरण-- दिनांक **12/12/24** को **थाना सूरजपुर** पुलिस द्वारा जैतपुर गोल चक्कर पर चेकिंग की जा रही थी, तभी चेकिंग के दौरान एक बाइक सवार संदिग्ध व्यक्ति को रुकने का इशारा किया गया जिसपर बाइक सवार व्यक्ति द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर करते हुए भागने का प्रयास किया गया। पुलिस टीम द्वारा पीछा करते हुए की गयी जवाबी कार्यवाही में उक्त बाइक सवार बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। घायल बदमाश की पहचान अमित पुत्र नन्दन साहनी निवासी ग्राम सालीग्राम, जिला बेगूसराय, बिहार वर्तमान पता किराये का मकान गंदा नाला, आदर्श नगर, सोनीपत, हरियाणा के रूप में हुई है। अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध तमंचा .315 बोर मय 01 खोखा कारतूस व 02 जिंदा कारतूस तथा चोरी की एक मोटरसाइकिल स्पलेंडर प्लस बरामद हुई है। अभियुक्त थाना सूरजपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 595/2023 धारा 2/3 गैंगस्टर अधिनियम में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी पर पुलिस उच्चाधिकारीगण द्वारा 25,000 रूपये का इनाम घोषित किया गया था। अभियुक्त शातिर किस्म का अंतरराज्यीय गांजा तस्कर है, जिसके विरूद्ध थाना सूरजपुर पर मु0अ0सं0 781/21 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट व मु0अ0सं0 595/23 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट पंजीकृत है। घायल अभियुक्त को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया । अभियुक्त के विरुद्ध जनपद सोनीपत हरियाणा एवं बिहार से अन्य मुकदमों की जानकारी की जा गई